9

बिहार सरकार
स्वास्थ्य विभाग

आदेश

संख्या–2/एम–114/2025– /स्वा०, पटना, दिनांक / /2026

डा० प्रतिमा कुमारी, तत्कालीन चिकित्सा पदाधिकारी, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सम्पतचक, पटना का पदस्थापन विभागीय अधिसूचना संख्या–505(2) दिनांक–28.06.1997 द्वारा डा० प्रतिमा कुमारी को अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सम्पतचक, पटना से स्थानान्तरित करते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कटैया, गोपालगंज में पदस्थापित किया गया। उक्त विभागीय आदेश के आलोक में सिविल सर्जन, पटना के पत्रांक–739 दिनाक–19 08.1997 द्वारा उन्हें दिनांक–01.09.1997 से विरमित कर दिया गया। परन्तु, उनके द्वारा विरमन उपरान्त पदस्थापित संस्थान में योगदान नहीं किया गया तथा अनुपस्थित हो गयी। अनुपस्थित उपरान्त डा० कुमारी द्वारा अगले पदस्थापन हेतु विभाग से निदेश प्राप्त करने के लिए दिनांक–23.03.2021 को विभाग को आवेदन समर्पित किया गया। पुनः विभागीय अधिसूचना संख्या–715(2) दिनांक–22.06. 2001 द्वारा डा० कुमारी का पदस्थापन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, महाराजगंज, सिवान में किया गया। परन्तु डा० कुमारी द्वारा फिर से इस पदस्थापित संस्थान में भी योगदान नहीं किया गया एवं सेवानिवृति की तिथि (दिनांक–31.07.2024 तक) अनुपस्थित रही।

2 उल्लेखनीय है कि डा० प्रतिमा कुमारी के विरुद्ध प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कटैया, गोपालगंज में पदस्थापन अवधि में दिनांक–01.09.1997 से 23.03.2001 तक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, महाराजगंज, सिवान के पदस्थापन अवधि में दिनांक–24.06. 2001 से लगातार अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के आरोप में विभागीय संकल्प सख्या--572(9) दिनांक–04.06.2026 द्वारा विभागीय कार्यवाही संचालित है।

3. अतः उक्त वर्णित आलोक में डा० प्रतिमा कुमारी, चिकित्सा पदाधिकारी, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सम्पतचक, पटना सम्प्रति सेवानिवृत्त को अनुमान्य सेवान्त लाभ यथा सामान्य भविष्य निधि एवं ग्रुप बीमा योजना में जमा राशि आदि के भुगतान हेतु उनका मुख्यालय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सम्पतचक, पटना निर्धारित किया जाता है।

4. प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

ह0/–
(विनोद कुमार पाठक)
सरकार के अवर सचिव

ज्ञापांक–2/एम–114/2025– 2390(2) पटना, दिनांक 30/9 /2026

प्रतिलिपिः महालेखाकार (ले० एवं ह०) बिहार, वीरचन्द पटेल पथ, पटना/प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वै०दा०नि०को०) विभाग बिहार, पटना/असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पटना/प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सम्पतचक, पटना/कोषागार पदाधिकारी, पटना/जिला भविष्य निधि पदाधिकारी, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

D>Sec-2>2026>adesh 2026

प्रतिलिपिः डा० प्रतिमा कुमारी, सेवानिवृत्त चिकित्सा पदाधिकारी पत्राचार का पता–श्रीसदन नीयर देव कुर्ति अपार्टमेन्ट, जगत नारायण रोड, पो०+थाना–कदमकुआँ, जिला–पटना, पिन कोड–800003/प्रशाखा–3, 9 एवं 18A को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः आई०टी०मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित।

28/01/26
सरकार के उप सचिव।

2390(2)
30/1/26